राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
माध्यमिक पाठ्यक्रम : हिंदी
पाठ 9 : अखबार की दुनिया
कार्यपत्रक - 9

1. समाचारपत्रों को समाचार कहाँ से मिलते हैं? एक समाचारपत्र लीजिये और उसके किन्हीं दो स्रोतों का उल्लेख कीजिए।
2. एक अखबार का अवलोकन कीजिये और अखबार के कम से कम चार अंगों का उल्लेख कीजिए।
3. एक हिन्दी का समाचारपत्र लीजिये और ज्ञात कीजिये कि समाचारपत्र में संपादक के विचार किस स्तंभ में और किस पृष्ठ संख्या पर व्यक्त होते हैं ?साथ ही, उस दिन प्रकाशित हुए संपादक के विचारों का सार लिखिए।
4. समाचारपत्र के संवाददाताओं का क्या कार्य होता है? क्या आप यह क्षेत्र चुनना चाहेंगे? टिप्पणी लिखिए।
5. 'समाचारपत्रों में ग्राफ़िक एक आवश्यक अंग हैं'। क्या आप इस कथन से सहमत हैं?इस कथन के पक्ष अथवा विपक्ष में अपने विचार लिखिए ।
6. समाचार के ऊपर मोटे अक्षरों में छपी मुख्य पंक्ति समाचारपत्र की भाषा में क्या कहलाती है? एक तिथि पर समाचारपत्र की इस तरह की 10 मुख्य पंक्तियाँ लिखिए।
7. समाचारपत्र के क्षेत्र में दो प्रसिद्ध कार्टूनिस्टों पर जानकारी एकत्र कीजिये और उन पर एक फीचर लिखिए ।
8. एक दैनिक समाचारपत्र को प्रतिदिन एक सप्ताह तक ध्यानपूर्वक पढ़िये। समाचारपत्र का नाम और तिथियों का उल्लेख करते हुए लिखिए कि उस अवधि में 'स्थानीय' एवं 'राष्ट्रीय' के अतिरिक्त कौन-कौन से अन्य प्रमुख दो स्तरों की घटनाएँ समाचार बनती हैं।
9. यदि आप किसी समाचार पत्र के कार्यालय में संपादक हों तो आप समाचारों के चयन के कौन-से दो प्रमुख आधार रखेंगे। कारण सहित लिखिए।
10. आप जो समाचार नियमित रूप से पढ़ते हैं, उसके संपादक को किसी ज्वलंत विषय पर पत्र लिखिए ।